जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

20 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जामिया स्कूलों की विभिन्न कक्षाओं में सीटों की संख्या बढ़ाई

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं में सीटों की संख्या में वृद्धि की है। विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी ने 7 फरवरी, 2025 को आयोजित अपनी विशेष बैठक के दौरान प्रॉस्पेक्टस ड्राफ्ट कमेटी द्वारा की गई सिफारिश के उपरांत शैक्षणिक सत्र-2025-2026 से सीटों की वृद्धि को मंजूरी प्रदान कर दी है।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 9वीं कक्षा में उपलब्ध सीटों की संख्या 30 से बढ़ाकर 40 कर दी गई है। इसी प्रकार 11वीं - आर्ट्स कक्षा में भी सीटों की संख्या 30 से बढ़ाकर 40 कर दी गई है।

सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रेप और 6वीं कक्षाओं में सीटों की संख्या 40 से बढ़ाकर 80 कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 11वीं -आर्ट्स कक्षा में सीटों की संख्या 70 से बढ़ाकर 80 कर दी गई है।

जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 11वीं-विज्ञान और 11वीं-वाणिज्य कक्षाओं में उपलब्ध सीटों की संख्या क्रमशः 50 से बढ़ाकर 80 कर दी गई है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया